लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 535
03 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

विद्युतकरघा क्षेत्र

535. श्री डी. एम. कथीर आनंद:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु, जो देश में विद्युतकरघा क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है, में 90000 विद्युतकरघा इकाइयों को पर्याप्त निधि और सहायता प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) तमिलनाडु में पावर टेक्स इंडिया योजना और वस्त्र कलस्टर विकास योजना (टीसीडीएस) के अंतर्गत विद्युतकरघा क्षेत्र को आबंटित कुल निधि का ब्यौरा क्या है और तमिलनाडु में विद्युतकरघा क्षेत्र को दी गई सहायता तथा संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस), समूह कार्यशाला योजना, विद्युतकरघा बुनकरों के लिए पीएम क्रेडिट योजना, स्वस्थानी उन्नयन निधि योजना और व्यापक पावरलूम क्लस्टर विकास योजना (सीपीसीडीएस) जैसी अन्य योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय तमिलनाडु सहित पूरे देश में, विद्युतकरघा क्षेत्र को वित्तीय सहायता और संस्थागत सहायता प्रदान कर रहा है। वस्त्र मंत्रालय देश भर में विद्युतकरघा इकाइयों के विकास, आधुनिकीकरण और सस्टेनेबिलिटी के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित कर रहा है, जिनमें तमिलनाडु की इकाइयां भी शामिल हैं। कुछ मुख्य पहलें इस प्रकार हैं:-

(क) संशोधित टेक्नोलॉजी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस)
(ख) पावरटेक्स इंडिया स्कीम
(ग) व्यापक विद्युतकरघा क्लस्टर विकास योजना (सीपीसीडीएस)
(घ) वस्त्र क्लस्टर विकास योजना (टीसीडीएस)
(ङ) आईटीएडी केंद्रों (पहले पावरलूम सेवा केंद्र) के माध्यम से प्रशिक्षण, डिजाइन और विकास सहायता।
(च) पावरलूम बुनकरों और कामगारों के लिए कन्वर्ज्ड ग्रुप बीमा योजना

(ख): इन योजनाओं के तहत तमिलनाडु को आवंटित निधि का विवरण **<u>अनुबंध-क</u>** में दिया गया है।

अनुबंध-क

तमिलनाडु में स्थित विद्युतकरघा इकाइयों सहित वस्त्र उद्योग को दी गई वित्तीय सहायता
(स्कीम के अनुसार)

क. पावरटेक्स इंडिया योजना के तहत:

क्र.सं.	योजना का नाम	भारत सरकार द्वारा जारी सब्सिडी	टिप्पणी
1.	इन-सीटू योजना	171.41 करोड़ रुपए	25,472 इकाइयों में 1,33,670 करघे अपग्रेड किए गए।
2.	यार्न बैंक योजना	5.96 करोड़ रुपए	कॉर्पस निधि के रूप में 08 यार्न बैंकों हेतु।
3.	सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी)	4.94 करोड़ रुपए	सीएफसी के तहत 03 साइज़िंग यूनिट्स हेतु।
4.	समूह कार्यशाला योजना (जीडब्ल्यूएस)	0.83 करोड़ रुपए	04 जीडब्ल्यूएस परियोजनाओं के लिए
5.	टेक्स वेंचर निधि योजना	6.00 करोड़ रुपए	करूर में 02 यूनिट हेतु

ख. **वस्त्र क्लस्टर विकास योजना (टीसीडीएस)** :

क्र.सं.	योजना का नाम	भारत सरकार द्वारा जारी सब्सिडी	टिप्पणी
1.	एसआईटीपी (एकीकृत वस्त्र पार्कों के लिए योजना)	147.92 करोड़ रुपए	04 पार्क पूरे हो चुके हैं और 03 पार्क कार्यान्वयन के अधीन हैं (कुल – 07 पार्क)।

ग. संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस):

क्र.सं.	योजना का नाम	जारी भारत सरकार की सब्सिडी	टिप्पणी
1.	एटीयूएफएस	163.81 करोड़ रुपए	तमिलनाडु में कुल 446 पावरलूम यूनिट्स ने एटीयूएफएस के तहत लाभ लिया है।

घ. व्यापक पावरलूम क्लस्टर विकास योजना (सीपीसीडीएस):

क्र.सं.	योजना का नाम	भारत सरकार की सब्सिडी जारी	टिप्पणी
1.	सीपीसीडीएस – मेगा क्लस्टर (टेक्सवैली)	40.05 करोड़ रुपए	इरोड में पावरलूम मेगा क्लस्टर सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

****